ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट


WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 341

प्रयागराज में गंगा–यमुना का पानी स्नान लायक नहीं : सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 73 जगहों के पानी की टेस्टिंग की, NGT में रिपोर्ट पेश की



24 न्यूज अपडेट

प्रयागराज महाकुंभ में गंगा–यमुना के संगम में स्नान चल रहा है। अब तक 54 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं, इस बीच सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) की रिपोर्ट आई है, इसमें बताया गया है कि दोनों नदियों का पानी स्नान करने लायक नहीं है। CPCB ने 17 फरवरी को अपनी रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में दाखिल की है।

CPCB ने प्रयागराज में 9 से 21 जनवरी के बीच कुल 73 अलग-अलग जगहों से सैंपल इकट्ठा किया। अब उसकी जांच के नतीजे जारी किए हैं। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट में गंगा और यमुना नदी के पानी को लेकर क्या कुछ बताया गया है

6 मानकों पर जांचा गया गंगा और यमुना नदी का पानी

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने जो रिपोर्ट जारी की है उसमें कुल 6 पैमानों पर गंगा और यमुना नदी के पानी को जांचा गया है। इसमें पीएच यानी पानी कितना अम्लीय या क्षारीय है, फीकल कोलीफॉर्म, BOD यानी बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, COD यानी केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन शामिल है। इन छह पैमानों पर जितनी भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। इसके अलावा 5 अन्य पैमानों पर पानी की गुणवत्ता मानक के अनुरूप है।

जिले में सभी सैंपल पॉइंट पर फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया तय मानक से अधिक

नदियों के पानी में फीकल कोलीफॉर्म नाम का बैक्टीरिया पाया जाता है। सामान्य स्थिति में एक मिलीलीटर पानी में 100 बैक्टीरिया होने चाहिए, लेकिन अमृत स्नान के ठीक एक दिन पहले यमुना नदी के एक सैंपल में फीकल कोलीफॉर्म 2300 पाया गया।

संगम के आसपास स्थिति ज्यादा खराब

संगम से लिए गए सैंपल में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया एक मिलीलीटर पानी में 100 की बजाय 2000 निकला है। इसी तरह टोटल फीकल कोलीफॉर्म 4500 है।

गंगा पर बने शास्त्री ब्रिज के पास से लिए गए सैंपल में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया 3200 और टोटल फीकल कोलीफॉर्म 4700 है।

संगम से दूर वाले हिस्से में दोनों की संख्या कम है। फाफामऊ चौराहे के पास से लिए गए सैंपल में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया एक मिलीलीटर पानी में 100 के बजाय 790 पाया गया। इसी तरह राजापुर मेहदौरी में यह 930 पाया गया। झूंसी में छतनाग घाट और एडीए कॉलोनी के पास इसकी मात्रा 920 पाई गई। नैनी में अरैल घाट के पास यह 680 था। राजापुर में यह 940 पाया गया। ऐसे में, यह सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के मानकों के मुताबिक यह C कैटेगरी में आता है। इसमें पानी को बिना प्यूरिफिकेशन और डिसइंफेक्ट किए नहाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

मानक से अधिक फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया बीमारियों की वजह

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में गंगा नदी पर रिसर्च करने वाले प्रोफेसर बीडी त्रिपाठी बताते हैं कि जिस पानी में मानक से ज्यादा फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया होगा, वह किसी इस्तेमाल के लायक नहीं रहेगा। यह पानी अगर शरीर में गया तो बीमारियां पैदा करेगा। अगर ऐसे पानी से नहाया जाता है या इसे पिया जाता है तो यह त्वचा रोग की वजह बन सकता है।


गंगा में साफ करके छोड़ा जा रहा पानी

महाकुंभ के दौरान गंगा को निर्मल बनाए रखने का जिम्मा प्रयागराज नगर निगम और उत्तर प्रदेश जल निगम काम के पास है। नगर निगम अफसरों के मुताबिक, जियो-ट्यूब तकनीक का उपयोग कर 23 अनटैप्ड नालों के अपशिष्ट जल को शोधित किया जा रहा है। 1 जनवरी से 4 फरवरी तक 3 हजार 660 MLD साफ किया पानी गंगा में छोड़ा गया है।

6 मानकों पर जांचा गया गंगा और यमुना का पानी

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने जो रिपोर्ट जारी की है उसमें कुल 6 पैमानों पर गंगा और यमुना नदी के पानी को जांचा गया है। इसमें पीएच यानी पानी कितना अम्लीय या क्षारीय है, फीकल कोलीफॉर्म, BOD यानी बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, COD यानी केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन शामिल है। इन छह पैमानों पर जितनी भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाया गया है। इसके अलावा 5 अन्य पैमानों पर पानी की गुणवत्ता मानक के अनुरूप है।

सुनील मित्तल की कंपनी ने एयरटेल में 0.84% हिस्सेदारी बेची : इंडियन कॉन्टिनेंटल ने 8,485 करोड़ में एयरटेल के 5.1 करोड़ शेयर्स बेचे



24 न्यूज अपडेट

बिलेनियर-फाउंडर सुनील भारती मित्तल की कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंटल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने मंगलवार (18 फरवरी) को भारती एयरटेल में अपनी 976 बिलियन डॉलर यानी 8,485 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी बेच दी है। इसका मतलब है कि कंपनी ने भारती एयरटेल के 0.84% स्टैक्स यानी 51 मिलियन शेयर्स (5.1 करोड़ शेयर्स) बेचे हैं।

इंडियन कॉन्टिनेंटल इन्वेस्टमेंट ने फंड जुटाने के लिए एयरटेल के शेयर्स बेचे हैं। इस बात की जानकारी कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। 5.1 करोड़ शेयर्स में से लगभग एक चौथाई शेयर ग्रुप की एक अन्य कंपनी भारती टेलीकॉम लिमिटेड ने खरीदे हैं।

भारती टेलीकॉम के पास अब एयरटेल में 40.47% हिस्सेदारी

इसके साथ ही भारती टेलीकॉम के पास अब एयरटेल में 40.47% हिस्सेदारी हो गई है। भारती टेलीकॉम ने नवंबर में इंडियन कॉन्टिनेंटल से एयरटेल में लगभग 1.2% हिस्सेदारी खरीदी थी। डील में अन्य निवेशकों के नाम नहीं बताए गए हैं। इंडियन कॉन्टिनेंटल ने डील में 1,660.46 रुपए प्रति शेयर के भाव पर एयरटेल के शेयर बेचे हैं।

एयरटेल के शेयर ने एक साल में 46% रिटर्न दिया

एयरटेल का शेयर आज 0.36% की गिरावट के साथ 1,669.50 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने अपने निवेशकों को बीते 6 महीने में 14% और एक साल में 46% रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 9.99 लाख करोड़ रुपए है।

ममता बोलीं- महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया:भगदड़ की घटनाओं पर चिंता जताई, कहा- गरीब तरस रहे, VIPs को खास सुविधाएं मिल रहीं



24 न्यूज अपडेट

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ' यह महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है। मैं महाकुंभ का और पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं।'

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई है। भगदड़ में कई लोग मारे गए, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। कई लोग मिले ही नहीं।

ममता ने कहा- महाकुंभ में अमीरों और वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपए तक के टेंट मौजूद हैं। गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना जरूरी है। आपने (यूपी सरकार) क्या योजना बनाई है?

ममता ने यह बयान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान दिया। इससे पहले लालू प्रसाद यादव कुंभ को फालतू कह चुके हैं।

ममता के स्पीच की 5 बड़ी बातें

मैंने यहां कुछ वीडियो देखे हैं जिसमें शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि वह हिंदू धर्म के बारे में बोल रहे हैं और इसलिए उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया है। मैं कभी भी किसी धार्मिक मामले को भड़काने की बात नहीं करती।

'भाजपा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रही है। अगर भाजपा यह साबित कर दे कि मेरा बांग्लादेशी कट्टरपंथियों से संबंध है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगी।'

'भारत में कई राज्य हैं। वहां भी डबल इंजन वाली सरकार है। लेकिन पश्चिम बंगाल में हमने विपक्ष को बोलने के लिए 50% समय दिया है। उन्होंने सदन के पटल पर कागज फेंके हैं। भाजपा, कांग्रेस और CPI (M) मेरे खिलाफ एक साथ हैं। उन्होंने मुझे अपना भाषण देने की अनुमति नहीं दी है।

'भाजपा विधायक यह झूठ फैला रहे हैं कि उन्हें बंगाल विधानसभा में बोलने की अनुमति नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भाजपा विधायकों को नफरत फैलाने और लोगों को विभाजित करने की अनुमति नहीं देती है।'

मैं राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेश नीति के मुद्दों पर नहीं बोलती, लेकिन अमेरिका से निर्वासित लोगों को जंजीरों में बांधकर वापस लाना शर्मनाक है। केंद्र को अमेरिका से निर्वासित लोगों को वापस लाने के लिए अपने परिवहन विमान भेजने चाहिए थे।

टेस्ला ने भारत में हायरिंग शुरू की:कंपनी की देश में जल्द एंट्री हो सकती है, हाल ही में मस्क ने मोदी से की थी मुलाकात



24 न्यूज अपडेट

इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला इंक ने भारत में हायरिंग शुरू कर दी है। जो इस बात का संकेत है कि टेस्ला जल्द ही भारत में एंट्री कर सकती है। कंपनी ने 17 फरवरी को लिंक्डइन पर टेस्ला ने 13 पदों के लिए भर्तियों का ऐलान किया। इसमें कस्टमर सर्विस और बैकएंड ऑपरेशंस से जुड़े 13 पद शामिल हैं। हाल ही में PM मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान टेस्ला के CEO मस्क ने उनसे मुलाकात की थी।

टेस्ला और भारत के बीच कई सालों से कभी-कभी बातचीत होती रही है, लेकिन टेस्ला ने ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी के कारण भारत से दूरी बनाए रखी थी। हालांकि, भारत ने अब 40,000 डॉलर (करीब 35 लाख रुपए) से अधिक कीमत वाली कारों पर इंपोर्ट ड्यूटी को 110% से घटाकर 70% कर दिया है।


फैक्ट्री के लिए जगह की तलाश

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टेस्ला भारत में अपना प्लांट भी लगाने की तैयारी कर रही है। कंपनी जमीन की तलाश में जुटी है। कंपनी की कोशिश है कि ऑटोमोटिव हब वाले प्रदेशों में प्लांट की स्थापना की जाए। महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु पर उसकी प्राथमिकता में हैं।

टेस्ला का शेयर 1 साल में 83.65% चढ़ा

टेस्ला का वर्तमान में मार्केट कैप करीब 1.12 ट्रिलियन डॉलर (97.37 लाख करोड़ रुपए) है। इसके शेयर का प्राइस $355.84 है। बीते 1 साल में टेस्ला के शेयर ने 83.65% का रिटर्न दिया है। वहीं बीते 6 महीने में कंपनी का शेयर 59.77% चढ़ा है।

AAP नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलेगा:राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को परमिशन दी, ED जल्द कर सकती है गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को AAP नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की परमिशन दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति से इस मामले में मंजूरी मांगी थी।

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जैन के खिलाफ BNS की धारा 218 के तहत केस चलेगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ED) अब जल्द ही जैन को गिरफ्तार कर सकता है। गृह मंत्रालय ने ED की जांच और पर्याप्त सबूत होने के आधार पर राष्ट्रपति से यह अनुरोध किया था। दरअसल, जिस समय ये मामला सत्येंद्र जैन के खिलाफ फ्रेम हुआ था, उस समय वह विधायक थे। इसलिए BNS की धारा 218 के तहत उनके खिलाफ केस चलाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी जरूरी थी।

AAP प्रवक्ता और वकील सर्वेश मिश्रा ने बताया, 'यह कानून है कि विधायक, मंत्री के खिलाफ केस करने के लिए गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति की परमिशन लेनी होती है, लेकिन कई मामले ऐसे आए जिसमें सीबीआई, ईडी ने बिना परमिशन लिए केस किया, गिरफ्तारी की और बाद में परमिशन ली।'

4 फर्जी कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

ED ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 फर्जी कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया गया। इसके अलावा दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में भी किया गया था। जैन के मालिकाना हक वाली कई कंपनियों ने हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को कैश ट्रांसफर के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपए प्राप्त किए। सत्येंद्र के अलावा उनकी पत्नी पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था।

WPL में आज मुंबई Vs गुजरात:मुंबई के खिलाफ गुजरात को पहली जीत की तलाश; जानें पॉसिबल प्लेइंग-11



24 न्यूज अपडेट

विमेंस प्रीमियर लीग 2025 (WPL) के 5वें मुकाबले में मंगलवार को मुंबई इंडियंस (MI) का सामना गुजरात जायंट्स (GG) से होगा। मैच आज शाम 7:30 बजे से वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात लीग के इतिहास में मुंबई को अब तक नहीं हरा सकी है।

इस सीजन दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। गुजरात का सीजन का तीसरा और मुंबई का दूसरा मैच होगा। GG को एक मैच में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, MI को अपने पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ 2 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। WPL में MI और GG के बीच अब तक 4 मैच हुए हैं। इनमें सभी 4 मैच मुंबई ने जीते हैं। दोनों टीमों के बीच 2023 में दो और 2024 में दो मुकाबले खेले गए।

संपादकीय : हादसों का सफर

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ पूरी तरह लचर रेल प्रबंधन का नतीजा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली से प्रयागराज के लिए चलाई गई विशेष गाड़ी की उद्घोषणा के बाद भगदड़ मच गई। स्टेशन पर रोज की तुलना में कई गुना भीड़ जमा थी उद्घोषणा सुनते ही लोग एक से दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए धक्कामुक्की करने लगे। इस तरह अठारह लोग कुचल कर मारे गए और कई घायल हो गए। विचित्र है कि रेल प्रशासन ने शुरू में इस घटना को ढकने - छिपाने का प्रयास किया। जिस अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया, वहां भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए। पीड़ितों के बारे में सूचना सार्वजनिक करने पर रोक लगाने के प्रयास किए गए। स्वाभाविक ही, इस घटना को लेकर सरकार पर अंगुलियां उठनी शुरू हो गई हैं। ठीक ऐसी ही घटना पिछले कुंभ के समय प्रयागराज में हुई थी । तब भी एक गाड़ी के दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने की सूचना दी गई थी और इसी तरह भगदड़ मच गई थी, जिसमें छत्तीस लोगों की मौत हो गई थी। इसलिए नई दिल्ली की भगदड़ कोई नया अनुभव नहीं है। रेलवे चाहे जो भी दलीलें दे, पर इस घटना में उसकी लापरवाही अक्षम्य है । प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां कई महीने पहले से चल रही थीं। सरकार बढ़-चढ़ कर इसमें लोगों से पहुंचने की अपील कर रही थी। दावा किया गया था कि वहां चालीस से पैंतालीस करोड़ लोग पहुंचेंगे और करीब सौ करोड़ लोगों को ध्यान में रखते हुए इंतजाम किए गए हैं । तेरह हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का दावा किया गया। इसके लिए रेलवे को अतिरिक्त भारी राशिआबंटित की गई थी। यानी रेलवे इस बात से अनजान नहीं था कि महाकुंभ के दौरान उस पर भारी दबाव रहेगा। फिर भी उसने भीड़ पर काबू पाने के लिए कोई व्यावहारिक व्यवस्था क्यों नहीं की, यह समझ से परे है। ऐसा नहीं कि अतिरिक्त भीड़ इससे पहले कभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जुटी ही नहीं त्योहारों के मौसम में हर वर्ष रेलवे को ऐसी भीड़ से निपटना पड़ता है। तब भी विशेष गाड़ियां चलानी पड़ती हैं महाकुंभ के दौरान कुछ अधिक लोग जरूर जमा हो गए होंगे, मगर इससे रेलवे को अपने कुप्रबंधन पर पर्दा डालने का मौका नहीं मिल जाता। ऐसी अव्यवस्था नई दिल्ली के अलावा देश के कई दूसरे स्टेशनों पर भी देखी गई। सवाल है कि इस अव्यवस्था और इसके नतीजों की जिम्मेदारी कौन लेगा। रेलवे की दलील है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए उसने विशेष गाड़ियां चलाने का फैसला किया था । यह भी विचित्र बात है। कोई भी गाड़ी इस तरह बिना पूर्व सूचना और तय कार्यक्रम के नहीं चलाई जाती। फिर उस गाड़ी के बारे में बिना यह जाने-समझे उदघोषणा कर दी गई कि लोगों में इसकी क्या प्रतिक्रिया होगी। जब वहां के प्लेटफार्म प्रबंधन करने वाले देख रहे थे कि भीड़ काफी जमा है, तो उन्हें इस बात की आशंका क्यों नहीं हुई कि भगदड़ मच सकती है। पहले वे लोगों के उस गाड़ी तक पहुंचने की व्यवस्था करते, फिर उद्घोषणा करते, तो शायद ऐसी अफरा-तफरी न मचती । अव्वल तो उतने ही लोगों को भीतर जाने दिया जाता, जितने की गाड़ियों में क्षमता हो सकती है। ये तो सामान्य बुद्धि से भी समझ आने की बातें थीं, मगर रेलवे प्रबंधन ने शायद लोगों की जान की कोई कीमत ही नहीं समझी।

तकनीक की दीवार

दुनिया में जैसे-जैसे आधुनिक तकनीकी का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की जिंदगी में इसका दखल बढ़ता जा रहा है। जो मोबाइल फोन कभी दूर बैठे दो लोगों के बीच सिर्फ बातचीत का जरिया था, आज वह ज्यादातर कामों के लिए बेहद जरूरी होता गया है। अब तो इसके बिना पढ़ाई-लिखाई की बात भी अधूरी लगने लगी है। मगर इसी के समांतर स्मार्टफोन के अतिशय उपयोग ने एक बहस खड़ी की है कि शिक्षा के लिए स्मार्टफोन पर निर्भरता से क्या बच्चों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 2024 के अंत तक पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसद ने विशेष कानूनों या नीतियों के जरिए स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल, शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्टफोन का बहुस्तरीय उपयोग का दायरा और असर शिक्षा प्रणालियों में इसके उपयोग को एक तरह से अनिवार्य बनाए जाने की व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न है। दूसरी ओर, दुनिया के कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर अब नई बहस शुरू हो गई है, जिसमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक जरूरी पक्ष है। आनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग को बढ़ावा तो दिया गया है, लेकिन जब इस मसले पर समीक्षा की गई तो यह उजागर हुआ कि तकनीक एक सीमा तक कुछ संदर्भों में सीखने में सहायक कारक की भूमिका निभा सकती है, लेकिन जब इसका अत्यधिक या फिर अनुचित तरीके से उपयोग किया जाता है, तो इसके विपरीत असर देखने में आते हैं। एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि इसके इस्तेमाल की वजह से विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक जाता है। इसके अलावा, स्मार्टफोन के बेलगाम उपयोग की वजह से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां खड़ी होती हैं, उससे निपटना एक अलग समस्या बन जाती है। इसलिए जरूरी है कि स्मार्टफोन या अन्य तकनीक के रोजमर्रा के जीवन में उपयोग को लेकर एक सीमा तय हो, ताकि यह सिर्फ सहायक बने, निर्भरता और नुकसान का वाहक न बने ।

देश में जल संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री ने किए भगीरथी प्रयास-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर/जयपुर, 18 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमें जल संरक्षण के उपायों को अपनाकर जल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें एक सुव्यवस्थित रोडमैप की आवश्यकता है, जिसमें कृषि तथा शहरी जल प्रबंधन और तकनीकी नवाचार जैसे प्रमुख पहलुओं का समावेश हो।

श्री शर्मा मंगलवार को उदयपुर में राज्य जल मंत्रियों के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस आयोजन के लिए केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन सहयोगात्मक संघवाद की परिकल्पना की जीती-जागती मिसाल है। उन्होंने कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में जल राज्यों का एक विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से जल राज्यों के बीच समन्वय एवं सहयोग का विषय बन गया है।

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को विकास एजेंडे में दी सर्वोच्च प्राथमिकता

श्री शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में जल आत्मनिर्भरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के रूप में एक भगीरथी प्रयास किया है। इसका लाभ आज राजस्थान के भी करोड़ों लोगों को मिल रहा है। राज्य सरकार शेष परिवारों को नल कनेक्शन देने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को देश के विकास एजेंडे में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा इस सबंध में एक अलग से जल शक्ति मंत्रालय भी बनाया जिससे जल से संबंधित परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

राम जल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जीवन रेखा

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जीवन रेखा है तथा इसके माध्यम से प्रदेश के 17 जिलों में 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और 3 करोड़ से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम के माध्यम से प्रवासी राजस्थानी प्रदेश के 60 हजार गांवों में भूजल पुनर्भरण हेतु रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए कम पानी में उगने वाली फसलों, शहरी जल प्रबंधन, सीवरेज के पानी के शुद्धिकरण एवं पुनः उपयोग के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, जल गुणवत्ता और स्रोतों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग सहित विभिन्न कदम उठा रही है।

केन्द्र सरकार जल प्रबंधन के लिए बना रही प्रभावी कार्ययोजना- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री

श्री पाटिल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक देश को जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने के विजन पर हम काम कर रहे हैं। मोदी जी ने स्वच्छता पर जोर दिया तथा 12 करोड़ शौचालय बनाए जिससे 60 करोड़ लोग लाभान्वित हुए तथा डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अब देश के 15 करोड़ घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पानी की शुद्धता को जांचने के लिए 25 लाख महिलाओं को किट एवं प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह, वर्षा जल संग्रहण के लिए कैच द रैन का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के माध्यम से प्रवासी गांवों में भू जल पुनर्भरण के लिए रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं।




मंगलवाड़ क्षेत्र में हुई पिकअप चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, पिकअप बरामद



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. मंगलवाड़ क्षेत्र में पिकअप को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए मंगलवाड़ थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की पिकअप को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि 11 दिसंबर 2024 को मंगलवाड चौराया पर हीरालाल सुखवाल के घर के बाहर खडी महिन्द्र पीकअप को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर ले जाने के मामले में अपराधियों को गिरफ्तार कर माल की बरामदगी करने के लिए एएसपी चित्तौड़गढ़ सरितासिंह के निर्देशन व डीएसपी बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन के थानाधिकारी मंगलवाड भगवानलाल पु.नि. के निर्देश पर एएसआई जगदीश चन्द्र व पुलिस कानि. श्रीभान सिंह द्वारा पिकअप चोरी की घटना का पर्दाफाश कर पीकअप चोरी करने वाले आरोपी बांसवाड़ा जिले के वार्ड नम्बर 11 चरपोटा हरपोंटा ठिकरिया कोटडा रंगा थाना पाटन निवासी 27 वर्षीय दिलिप कातिजा पुत्र तोलिया कातिजा को गिरफतार किया गया। वहीं उक्त चोरी में साथी आरोपी शोभावली थाना पाटन जिला बांसवाडा निवासी दीपक पुत्र रामा उर्फ रामजी सरपोटा को प्रकरण में नामजद किया जाकर पीकअप को बरामद किया।

कार से 130 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा, देशी पिस्टल, 5 कारतूस जब्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़ा। जिले की भदेसर थाना पुलिस ने सोमवार को नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार से 130 किलो अवैध डोडाचूरा व एक देशी पिस्टल सहित 5 कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अधिकाधिक कार्यवाही हेतु समस्त थानाधिकारियो का दिशा-निदेश दिये गये। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिह व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में घेवरचन्द उ.नि. के नेतृत्व में थाने के एएसआई मुकेश कुमार, निहाल सिह, कानि. विकास, नरेन्द्र, धर्मेंद्र, विजय, राजपाल व भैरूलाल द्वारा सोमवार को केसरपुरा से अगोरिया जाने वाले रोड पर नाकाबंदी शुरू की। नाकाबन्दी के दौरान निम्बाहेडा की तरफ से एक सफेद रंग की क्रेटा कार आती हुई दिखाई दी जिसको रोकने का प्रयास किया जो चालक द्वारा नाकाबंदी तोडकर कच्चे रास्ते माईन्स एरिया की तरफ ले गया और कार चालक अन्धेरे का फायदा उठाकर मौके से माइन्स की तरफ भाग गया। क्रेटा कार की तलाशी ली तो कार के अन्दर कुल 07 प्लास्टिक के कटटो में अवैध अफीम डोडाचूरा 01 क्विंटल 30 किलो व कार के डेस्क में एक देशी पिस्टल व 05 जिन्दा कारतूस बरामद किये गय। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

उदयपुर में CID-CB अधिकारी पर असिस्टेंट प्रोफेसर से रेप का आरोप, अधिकारी बोले-हनीट्रैप मामले में 36 दिन की जेल काट चुकी है



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर. उदयपुर में CID-CB में तैनात पुलिस अधिकारी हरेन्द्र सिंह सोदा (48) के खिलाफ एक असिस्टेंट प्रोफेसर (36) द्वारा रेप का मामला दर्ज कराया गया है। आरोप है कि उन्होंने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और जब पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही, तो उन्होंने उसे धमकाया। मामला तब गंभीर हुआ जब राजस्थान पुलिस महानिदेशक (DGP) के हस्तक्षेप के बाद बड़गांव थाने में FIR दर्ज की गई।

क्या है पीड़िता के आरोप?

आरोपी अधिकारी 2015 में फेसबुक पर मिले और दोस्ती हो गई। उन्होंने खुद को तलाकशुदा बताया और मुलाकातें शुरू हुईं। 2019 में उन्होंने कोटा ट्रांसफर की बात कहकर एक फार्म हाउस में शादी का प्रस्ताव रखा और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वेलागढ़ रिसॉर्ट में जबरन शराब पिलाकर दुबारा दुष्कर्म किया। जब शादी की बात आगे नहीं बढ़ी तो उन्होंने धमकाना शुरू कर दिया। FIR दर्ज कराने पर धमकी दी कि "मेरा बाल भी बांका नहीं होगा।" पीड़िता ने मामले को कई उच्च अधिकारियों और आयोगों तक पहुंचाया, जिसके बाद DGP के निर्देश पर मामला दर्ज हुआ।

आरोपी अधिकारी का बचाव

मीडिया में दिए बयान में हरेन्द्र सिंह ने इन आरोपों को झूठा बताया और कहा कि 21 अक्टूबर 2024 को उन्होंने खुद इस महिला के खिलाफ सवीना थाने में 20 लाख रुपये हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप लगाया कि पीड़िता पहले से हनीट्रैप के एक मामले में 36 दिन की जेल काट चुकी है।

उन्होंने मीडिया में कहा कि यह शिकायत केवल बदला लेने के उद्देश्य से दर्ज कराई गई है।

क्या है आगे की कार्रवाई?

बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। DSP कैलाश चंद्र को जांच सौंपी गई है। पीड़िता ने राजस्थान मानवाधिकार आयोग, SC/ST आयोग और महिला आयोग में भी शिकायत दी है।

आरोपी अधिकारी का 25 दिन पहले डूंगरपुर से उदयपुर ट्रांसफर हुआ था।

सूई के छेद से गुजर सकती है डॉ. इकबाल सक्का ने बनाई विश्व की सबसे छोटी आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन ट्रॉफी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के सो विश्व रिकॉर्ड होल्डर स्वर्ण शिल्पी डॉक्टर इकबाल सक्का ने 19 फरवरी से दुबई में शुरू होने वाली आईसीसी वनडे चैंपियन वर्ल्ड कप की प्रतियोगिता के लिए लेंस से देखे जाने वाली राई के दाने से भी छोटी सूइ के छेद से निकल जाने वाली आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन ट्रॉफी 2025 बनाई । डॉक्टर सक्का ने बताया कि आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन में जो भी विजेता टीम होगी उस विजेता टीम को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भारत सरकार द्वारा भेंट करेंगे इसके लिए डॉक्टर सक्का ने देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को व खेल मंत्रालय एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अवगत कराया है ।डॉक्टर सक्का ने वनडे चैंपियन वर्ल्ड कप को क्रिकेट प्रेमियों के लिए शहर के पर्यटन स्थल दूध तलाई फतेहसागर सहेलियों की बड़ी सुखाड़िया सर्कल इत्यादि स्थानो पर प्रदर्शन किया तो देश विदेश के लोगों ने विश्व की सबसे छोटी राई के दाने से भी छोटी कलाकृति को पसंद किया और यह प्रार्थना की की आईसीसी चैंपियन 2025 ट्रॉफी भारत जीते ताकी यह कलाकृति हमारे देश की शोभा बने।

भीलवाड़ा पुलिस ने पकड़ी 20 लाख की अवैध शराब



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, भीलवाडा। भीलवाड़ा पुलिस के विशेष अभियान के तहत हमीरगढ़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ट्रक से 20 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त की।

अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़

सीओ सदर श्याम सुंदर ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ और आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 17 फरवरी को थाना प्रभारी संजय कुमार को सूचना मिली कि एक ट्रक पुर से चित्तौड़ की ओर जा रहा है, जिसमें अवैध शराब हो सकती है।

प्लास्टिक दानों की आड़ में छिपाई थी शराब

पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे 48 पर ग्रीन प्लाजा के सामने नाकाबंदी की। संदिग्ध कंटेनर ट्रक को रोककर जब जांच की गई तो उसमें प्लास्टिक के दानों से भरे कट्टे मिले। इन कट्टों के नीचे 194 कार्टन शराब छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने कंटेनर ट्रक को जब्त कर लिया और ट्रक चालक खालिद (23), पिता इदरीश मुसलमान, निवासी भिवाड़ी, अलवर को गिरफ्तार किया। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

खाओ-खिलाओ संस्कृति जिंदाबादः पीडब्ल्यूडी वाले इंजीनियर साहब के लॉकर ने उगला मात्र 1.5 करोड़ का सोना, मात्र 16 प्लॉट की मिली जानकारी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, स्टेट डेस्क। खाओ खिलाओ संस्कृति के वाहक इंजीनियर साहब के लॉकर ने केवल डेढ करोड़ का सोना उगला है। अभी कुछ ऑर लॉकर खोले जाने बाकी हैं। इंजीनियर साहब क्या अकेले यह कमाल कर सकते थे या इस खेल में बड़े बड़े लोग भी शामिल है। सबको पता है लेकिन सब अनजान हैं, यही तो खूबसूरती है इस खेल की। जो पकड़ा जाता है वो कुछ समय के लिए चोर कहलाता है। ना सामाजिक बहिष्कार, ना आत्ग्लानी ना कोई डर। कई बार तो सरकारी मेहरबानी से बरसों तक केस चलाने की अनुमति भी नहीं मिलती। बहरहाल खबर ये है कि राजस्थान में सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (XEN) दीपक कुमार मित्तल के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की जांच जारी है। तीन दिन से चल रही इस कार्रवाई में अब तक करोड़ों की अवैध संपत्ति का खुलासा हो चुका है।

एसीबी को इंजीनियर के लॉकर से मिला सोना और चांदी

सोमवार (तीसरे दिन) को एसीबी ने जयपुर के सी-स्कीम स्थित एक बैंक लॉकर को खोला, जिसमेंः 1.5 किलो सोने के गहने (कीमत 1.30 करोड़) बरामद हुए।

5 किलो चांदी के जेवर और सिक्के मिले।

अब तक 2 किलो सोना और 6.5 किलो चांदी मिल चुकी है।

गंगापुर सिटी में दो और बैंक लॉकर खोलने बाकी हैं।

कौन-कौन सी संपत्तियां मिलीं?

जयपुरः 4 प्लॉट (1 करोड़)

उदयपुरः 9 प्लॉट (1.34 करोड़)

ब्यावर और अजमेरः 3 प्लॉट (6.5 लाख)

कुल मिलाकर, इंजीनियर और उसके परिजनों के पास आय से 4.02 करोड़ अधिक संपत्ति पाई गई।

किन-किन ठिकानों पर हुई कार्रवाई?

1 जयपुरः बरकत नगर स्थित घर

2 जोधपुरः PWD ऑफिस और घर

3 उदयपुरः मेवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया और कलडवास स्थित संपत्तियां

4 अजमेर और ब्यावरः प्लॉट्स की जांच

5 फरीदाबाद (हरियाणा)ः आरोपी के भाई के मकान पर छापा

ब्यावर अपडेट : रेप के आरोपियों की वकीलों ने की धुलाई, दरिंदे 4 दिन के रिमांड पर



24 न्यूज अपडेट

अजमेर। स्कूली छात्राओं से रेप और ब्लैकमेल करने के 6 आरोपियों को आज पेशी के दौरान कोर्ट में वकीलों ने धो दिया। पुलिस बड़ी मुश्किल से आरोपियों को बचाकर बाहर लाई। कोर्ट ने आरोपियों को 4 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। 6 आरोपियों रिहान मोहम्मद (20), सोहेल मंसूरी (19), लुकमान उर्फ सोहेब (20), अरमान पठान (19), साहिल कुरैशी (19) और अफराज (18) को गिरफ्तार किया है। वहीं 1 नाबालिग को डिटेन किया है। 3 लड़कियों के घरवालों ने कहा कि बेटियों के अलावा अन्य नाबालिग लड़कियों के फोटो और वीडियो है, जिससे उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि 16 फरवरी को तीन मुकदमे दर्ज हुए थे। कुछ युवक बेटियों से मोबाइल फोन पर संपर्क कर दबाव डालकर रेप करते हैं। जिस पर मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और 7 को पकड़ा था, जिसमें एक नाबालिग है। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आए हैं, उन सभी तथ्यों को लेकर जांच जारी है। नाबालिग बच्चियों को फंसाने और शिकार करने का तरीका साल 1992 में हुए अजमेर ब्लैकमेल कांड के आरोपियों के तरीके जैसा ही था। यहां भी आरोपियों ने एक ही प्राइवेट स्कूल की बच्चियों को टारगेट कर रखा था। दरअसल इन सभी बच्चियों के स्कूल आने-जाने का रास्ता कुछ आरोपियों के मोहल्ले के पास से होकर गुजरता था। आरोपियों ने इसका ही फायदा उठाया था।

जयपुर में निजी वाहन किराए पर देने की पाबंदीःसेल्फ ड्राइविंग गाड़ी किराए पर देने के लिए लेना होगा लाइसेंस



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में किराए पर गाड़ी लेकर रील बनाने, स्टंट करने और आपराधिक वारदातों में शामिल होने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने बिना व्यक्ति या फर्म को बिना लाइसेंस सेल्फ ड्राइविंग के लिए वाहन रेंट का बिजनेस नहीं करने के आदेश दिए हैं। केंद्र सरकार की ओर से जारी रेंट ए कैब स्कीम 1989 का हवाला देते हुए सोमवार को एडिशनल कमिश्नर कानून-व्यवस्था डॉ. रामेश्वर सिंह ने आदेश जारी किए है।

आदेश के बाद अब जयपुर में टैक्सी वाहनों को किराए पर देने के लिए लाइसेंस लेना होगा। इस लाइसेंस की वैधता 5 साल होगी। वैधता समाप्त होने से पहले लाइसेंस नवीनीकरण कराना होगा। इसके साथ ही जयपुर में निजी वाहनों को किराए पर देने की पाबंदी भी लगाई गई है। इन सब शर्तों का उल्ल्घंन करने पर व्यक्ति-फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। जयपुर व इसके आस-पास के इलाकों में इन दिनों सेल्फ ड्राइविंग कार व बाइक किराए पर देने का व्यापार जोरों पर था। इसमें प्राइवेट नंबर में बिना रजिस्ट्रेशन गाड़ियां शहर से लेकर अन्य जिलों तक दौड़ रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एज्यूकेशन हब में यह धंधा इन दिनों खूब चल रहा है। जिसमें प्राइवेट नंबर की कार को रूतबा दिखाने के लिए या फिर आपराधिक वारदात के लिए किराए पर लेकर लोग खुद चलाकर कहीं भी ले जा रहे थे।

राजस्थान में एक साथ होंगे सभी 305 निकायों के चुनावःयूडीएच मंत्री बोले- 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के आधार पर करवाएंगे



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के तहत सभी 305 निकायों के चुनाव नवंबर में एक साथ करवाए जा सकते हैं। राज्य सरकार ने वार्डों के परिसीमन के साथ ही निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

मंगलवार को स्वायत्त शासन विभाग में बैठक लेने पहुंचे यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा- राजस्थान की नगर निकाय सीमाओं का परिसीमन और पुनर्गठन शुरू कर दिया गया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद वार्डों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके बाद नए सिरे से वोटर लिस्ट बनेगी। उसमें सुधार के बाद 'एक प्रदेश, एक चुनाव' के आधार पर राजस्थान में चुनाव करवाए जाएंगे।

उन्होंने कहा- इस साल नवंबर में प्रदेश में काफी निकायों का कार्यकाल खत्म होगा। इसके बाद कुछ का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा। कानूनी तौर पर 6 महीने का ग्रेस पीरियड होता है। ऐसे में हम प्रदेश के सभी निकायों के एक साथ चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं।

मंत्री से जब इस साल नवंबर में निकाय चुनाव कराने को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि अब जो भी है, सैद्धांतिक रूप से विचार यही है।

जयपुर, जोधपुर और कोटा में एक नगर निगम होगा

जयपुर, जोधपुर और कोटा में दो नगर निगम बनाने को खर्रा ने पिछली कांग्रेस सरकार राजनीति निर्णय बताया। खर्रा ने कहा- भारत में सबसे बड़ी नगर पालिका मुंबई में है। जहां की जनसंख्या जयपुर से 10 गुना ज्यादा है। मुंबई में 10 गुना ज्यादा आबादी पर एक नगर निगम अच्छे तरीके से काम कर रहा है।बिना वजह राजस्थान के जयपुर, कोटा और जोधपुर जैसे छोटे शहरों में इसे लागू करना गलत था। राजस्थान सरकार जनहित में पिछली सरकार के फैसले को बदलकर तीनों शहरों में एक-एक नगर निगम करेगी। ताकि लोगों को बेहतर ढंग से सुविधा मिल सके।

संपत्तियों का डिजिटल मैप तैयार किया जाएगा

मंत्री खर्रा ने कहा- भारत सरकार की ओर से पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्र का डिजिटल सर्वे कर संपत्तियों के सही नक्शे बनाकर मालिकाना हक के प्रमाण पत्र दिए गए थे। उसी तर्ज पर अब शहरी क्षेत्र की संपत्तियों का डिजिटल सर्वे करवाया जाएगा।

उसके बाद उन संपत्तियों का डिजिटल मैप तैयार किया जाएगा। इससे यह पता लग सकेगा कि कौन व्यक्ति किसी जमीन का मालिकाना हक रखता है, किस जमीन पर फिलहाल किसका कब्जा है।

उन्होंने कहा- जमीनों के स्वामित्व को लेकर कई तरह के विवाद सामने आते हैं। ऐसे में इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार यह सर्वे करवा रही है।

राजस्थान में पहली बार IPS अधिकारी का डिमोशन

24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में पहली बार किसी भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारी का डिमोशन किया गया है। यह कार्रवाई 2009 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार चौधरी पर की गई, जिनका पे स्केल भी घटा दिया गया है। इस प्रकार का निर्णय राज्य के इतिहास में पहली बार लिया गया है।

डिमोशन का प्रभाव

पे स्केल में कटौतीः अब उनकी वेतन श्रृंखला लेवल 10 हो गई है, जो फ्रेशर आईपीएस अधिकारियों के समान होती है। सिनियरिटी पर असरः तीन साल के डिमोशन का मतलब यह होगा कि उनकी प्रमोशन की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इतिहास में पहली बारः राजस्थान में इससे पहले किसी भी IPS अधिकारी पर ऐसा कदम नहीं उठाया गया था।



पंकज चौधरी का पक्ष

चौधरी ने कहा कि उन्हें कार्मिक विभाग का आदेश प्राप्त हो चुका है। उन्होंने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT), नई दिल्ली (2020), हाईकोर्ट (2021) और सुप्रीम कोर्ट (2021) के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि चार साल पहले ही उनके पक्ष में फैसला हो चुका था। उन्होंने संकेत दिया कि यह आदेश न्यायिक फैसलों के विपरीत हो सकता है, और वे आगे की कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। यह राजस्थान प्रशासन में एक ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि इससे पहले किसी आईपीएस अधिकारी का न केवल डिमोशन हुआ, बल्कि उनका वेतन स्तर भी घटाया गया। हालांकि, पंकज चौधरी पहले ही कानूनी लड़ाई जीत चुके थे, ऐसे में यह फैसला विवादास्पद हो सकता है। अब देखना होगा कि चौधरी इस फैसले के खिलाफ कोई कानूनी अपील करते हैं या नहीं।

SI भर्ती में सरकार बोली-हम अपराधियों पर एक्शन करना चाहतेःअगर भर्ती को रद्द किया तो जिसने अपराध नहीं किया वह भी अपराधी माना जाएगा



24 न्यूज अपडेट

एसआई भर्ती मामले में आज भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सरकार से पूछा- जब सलेक्शन करने वाली एजेंसी के लोग ही पेपर को 35 दिन पहले लीक कर देते हैं तो क्या सरकार नहीं मानती है कि पूरी भर्ती की पवित्रता ही भंग हो गई है। इस पर जवाब देते हुए सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने कहा- पवित्रता भंग होना मात्र ही पूरी भर्ती को रद्द करने का आधार नहीं हो सकता है।

सरकार ने बहस करते हुए कहा- हम अपराधियों पर एक्शन करना चाहते हैं। इस स्टेज पर अगर भर्ती को रद्द किया जाता है तो जिसने अपराध नहीं किया वह भी अपराधी माना जाएगा। सरकार पहले अपराधियों पर एक्शन करना चाहती है। तय कानूनी बिंदू के अनुसार भर्ती को तभी रद्द किया जा सकता है। जब भर्ती में पेपर लीक करने वाले और ईमानदारी से पेपर देने वालों को अलग-अलग नहीं किया जा सके। अभी हम उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं।

भर्ती में यथास्थिति के आदेश, इसलिए लीक में शामिल लोगों को बर्खास्त भी नहीं कर पा रहे

हम पेपर लीक करने वालों को चिह्नित करके उन पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। भर्ती में यथास्थिति के आदेश होने पर हम पेपर लीक में शामिल लोगों को बर्खास्त भी नहीं कर पा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अभी मामले में सुनवाई चल रही है। बुधवार को भी सरकार की ओर से मामले में बहस जारी रहेगी।

भर्ती रद्द कराना चाहते हैं याचिकाकर्ता

मामले में याचिकाकर्ताओं के अलावा सरकार, ट्रेनी एसआई पक्षकार हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भर्ती को निरस्त किया जाना चाहिए। क्योंकि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एजी और कैबिनेट सब कमेटी भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं।

वहीं, ट्रेनिंग ले रहे सब इंस्पेक्टर्स का कहना है कि पेपर लीक में हमारी कोई संलिप्तता नहीं है। हमने इस नौकरी के लिए अन्य सरकारी नौकरी छोड़ी है। ऐसे में अगर भर्ती रद्द होती है, तो हमारे साथ अन्याय होगा।

राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में हुई बारिश, न्यूनतम तापमान फिर भी 12 डिग्री सेल्सियस के पार



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के बाद कई जगह सोमवार देर रात बाद बारिश हुई है. राजधानी जयपुर समेत शेखावाटी के कई इलाकों में मंगलवार सुबह भी हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई. अब तक प्रदेश में सर्वाधिक बारिश दौसा जिले के लालसोट में 3.0 मिलीमीटर दर्ज की गई.

इसके अलावा जयपुर जिले के सांगानेर और फागी में 2.0 मिलीमीटर, जयपुर हवाई अड्डा पर 1.6 मिलीमीटर , टोंक जिले के वनस्थली , गंगापुर, जयपुर तहसील और चूरू में 1 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई. मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार तक प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ उत्तरी और पश्चिमी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी होगी. मंगलवार को भरतपुर संभाग में हल्की बारिश होने और शेष अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है.

रेलवे में परिचालकों की हो गई कमी, रद्द करनी पड़ी दो रेलगाड़ियां

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। परिचालनिक कारणों से सांतरागाछी- अजमेर- सांतरागाछी रेलसेवा रद्द कर दी गई है। रेलवे द्वारा सांतरागाछी- अजमेर- सांतरागाछी रेलसेवा को परिचालनिक कारणों से रद्द किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार - गाडी संख्या 18009, सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 21.02.25 को प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेगी। गाडी संख्या 18010, अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 23.02.25 को प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द रहेगी। जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर

रेलसेवा में बढाये थर्ड एसी डिब्बे

इधर, रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान मे रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में थर्ड एसी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसारः-

1. गाडी संख्या 14854/14853, जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 20.02.25 से 28.02.25 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 21.02.25 से 01.03.25 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
2. गाडी संख्या 14864/14863, जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 20.02.25 से 28.02.25 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 21.02.25 से 01.03.25 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
3. गाडी संख्या 14866/14865, जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 20.02.25 से 28.02.25 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 21.02.25 से 01.03.25 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

महाराणा प्रताप को नमन के बाद सीएम व केन्द्रीय मंत्री ने किया जल संचय अभियान का शुभारंभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 फरवरी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल मंगलवार को प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' पहुंचे और उन्होंने महाराणा प्रताप की विशाल बैठक प्रतिमा पर पुष्पांजलि नमन के साथ केन्द्र के परिसर पर कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय-जन भागीदारी के अन्तर्गत बोरवैल का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। जल संरक्षण हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत आमजन एवं संस्थाओं को जोड़ने के क्रम में प्रताप गौरव केन्द्र में रिचार्ज वैल का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

अतिथियों के केन्द्र पहुंचने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना, सचिव महावीर चपलोत, वरिष्ठ इतिहासविद डॉ. देव कोठारी, जल विशेषज्ञ डॉ. अनिल मेहता, जयदीप आमेटा, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष मनोज जोशी, प्रताप गौरव शोध केन्द्र के निदेशक डॉ. विवेक भटनागर, कैलाश हकीम, दिनेश राजपुरोहित, अनुराग कोठारी, समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, बड़गांव प्रधान प्रतिभा नागदा, समाजसेवी शंभू गमेती, आर्किटेक्ट सुनील लढ्ढा आदि ने स्वागत किया।

प्रताप गौरव केन्द्र में बन रहा रिचार्ज वैल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू किये गये कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय-जन भागीदारी के अन्तर्गत कई लोग भूजल पुनर्भरण के लिए रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं। उदयपुर में भी प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में वर्षा जल संचय के लिए रिचार्ज वैल का निर्णय किया गया। इस संकल्प के तहत गौरव केन्द्र परिसर में रिचार्ज वैल के कार्य का मंगलवार से श्रीगणेश हुआ।

राज्य वित्त आयोग के कार्यों में प्रदेश में राजसमंद जिला सर्वाधिक प्रगति के साथ पहुंचा प्रथम स्थान पर



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के नेतृत्व तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा के निर्देशन में माह फरवरी 2025 की रैंकिंग में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने एफ़एफसी और एसएफसी फंड के कार्यों में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। पंद्रहवां वित्त आयोग के तहत जिले ने 151.72 प्रतिशत प्रगति अर्जित कर राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह राज्य वित्त आयोग षष्ठम के तहत 96.47 प्रतिशत प्रगति अर्जित कर राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसके तहत स्वच्छता, पेयजल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कराए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा निरंतर उत्कृष्ट कार्य किए जाकर उदाहरण स्थापित किए हैं। इसके अलावा विशेष तौर पर प्लास्टिक मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर (4 पी) मॉडल के लिए भी राजसमंद ने प्रदेश में विशिष्ट छवि स्थापित की है।

चलती बस में आग लगने से अफरा-तफरी मची, सवारियों ने कूदकर बचाई अपनी जान



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर जयपुर के टांटियावास टोल प्लाजा के पास सोमवार देर रात को एक चलती बस में आग लगने से हड़कंप मच गया. बस में 24 लोग सवार थे. बस में बैठी सवारियों ने कूदकर अपनी जान बचाई. गनीमत रही कि आग के विकराल रूप लेने से पहले सारी सवारियां बस से नीचे उतर गईं. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हालांकि, समय रहते आग पर काबू पाने और घटना में किसी के हताहत नहीं होने से प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी है. घटना के कारणों की विस्तृत जांच जारी है. जयपुर के दौलतपुरा थानाधिकारी नंदलाल नेहरा ने बताया कि जयपुर के लोग झुंझुनू में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. सोमवार देर रात को वे वापस लौट रहे थे. टांटियावास टोल प्लाजा के पास अचानक बस से धुआं उठने लगा. चालक ने बस रोककर तत्काल सभी 24 सवारियों को नीचे उतार लिया. इसके कुछ ही देर बाद बस में आग की लपटें उठने लगी. वहां मौजूद लोगों ने पुलिस और फायर स्टेशन को घटना की जानकारी दी. शॉर्ट सर्किट से लगी आगः उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर दौलतपुरा थाने की टीम मौके पर पहुंची. चौमूं और जयपुर से दमकल की तीन गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग पर काबू पाने और हादसे में किसी के हताहत नहीं होने से पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर बस की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है. घटना के कारणों की विस्तृत जांच जारी है.


खेरवाड़ा में राष्ट्र संत पुलक सागर का मंगल प्रवेशःसमाज के लोगों ने गाजे-बाजे से की अगवानी, जुलूस में मंदिर लेकर गए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के खेरवाड़ा में राष्ट्र संत आचार्य मुनि पुलक सागर महाराज का ससंघ मंगलवार को खेरवाड़ा में मंगल प्रवेश हुआ। स्थानीय दिगंबर समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी व महामंत्री भूपेंद्र कुमार जैन ने बताया कि आचार्य डूंगरपुर जिले के मोदर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ नागफणी पारसनाथ मंदिर से विहार कर शिशोद गांव होते हुए मंगलवार को खेरवाडा में मंगल प्रवेश किया। इस दौरान नगर के जैन समाज के लोगों ने बैंड बाजे के साथ आचार्य की ससंघ अगवानी की। जहां से जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग से होते हुए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ले जाया गया। इस दौरान जैन समाज की महिलाएं और पुरुष नाचते-गाते नजर आए। जैन मंदिर पहुंचने पर मुनि ने धर्म सभा को संबोधित किया। मुनि का खेरवाड़ा में दो दिन प्रवास रहेगा। इसके बाद वे खेरवाड़ा से विहार कर कल्याणपुर होते हुए सलूंबर जाएंगे जहां कुछ दिन प्रवास के बाद बांसवाड़ा की ओर विहार करेंगे।

तीसरी बार भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान रतनलाल गाडरी के हाथ, कुछ राजी तो कुछ हुए खफा



24 न्यूज अपडेट

शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। कई जिलों में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाये जाने के बावजूद भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के गृह जिला चित्तौड़गढ़ में जिलाध्यक्ष कि घोषणा नही होना चर्चा का विषय बना हुआ था, जिस पर आखिर पूर्व में 2 बार जिलाध्यक्ष रहे रतन गाडरी को भाजपा चित्तौड़गढ़ का जिला अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने के बाद सोमवार को सभी चर्चाओं पर विराम लग गया।

भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश गर्ग एवं पशुपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार प्रातः भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में रतनलाल गाडरी के नाम की घोषणा की।

गाडरी के नाम की घोषणा होते ही जहाँ एक ओर निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी लम्बे समय बाद अपनी टीम के साथ भाजपा जिला कार्यलय पहुँचे जहाँ जिलाध्यक्ष बने गाडरी को मालाओं से लाद दिया, वही सीपी गुट से भाजपा नेताओं ने उनका पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

लड्ढा और जाट के नाम फाइनल माने जा रहे थे

जिलाध्यक्ष के नाम की कश्मकश 2 दिन से चल रही थी जिसमे एक गुट से मिट्ठूलाल जाट को पुनः जिलाध्यक्ष बनाने तो वही दूसरे गुट से बानसेन के प्रदीप लड्ढा को जिलाध्यक्ष बनाने की चर्चाएं जोरों पर थी इस बीच गाडरी बाजी मार गए जिससे कही ना कही फिर दोनों गुटों कि राजनीति में गुटबाजी खुलकर देखने को मिली, अब देखना यह भी होगा कि जिलाध्यक्ष बनने के बाद किसका कद बढेगा ओर किनके समर्थक भारी पड़ेंगे।

जाट समाज मे रोष साफ दिखेगा

भाजपा द्वारा जिले में एकमात्र जाट नेता मिट्ठूलाल जाट जिनके पास जिलाध्यक्ष के रूप में बड़ा दायित्व था उन्हें बदलकर नया जिलाध्यक्ष बनाने पर कही ना कही जाट समाज मे नाराजगी देखने को मिलेगी, समाज के कही नेताओ ने तो इस फैसले के बाद नाराजगी भी जताई है।

फरवरी-मार्च माह में राजकीय अवकाश में खुले रहेंगे पंजीयन-मुद्रांक कार्यालय

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 फरवरी। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के महानिरीक्षण के दिशा-निर्देशानुसार माह फरवरी व मार्च माह में होली व धुलण्डी को छोड़कर राजकीय अवकाश के दौरान भी पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय खुले रहेंगे। विभाग के उदयपुर वृत्त के उप महानिरीक्षक राजीव द्विवेदी ने बताया कि अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों के समान खुले रहेंगे। राजकीय अवकाशों में सभी प्रकार के दस्तावेजों का पंजीयन, बकाया राशि की वसूली से संबंधित समस्त कार्य संपादित किये जाएंगे।



अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की अवधि 23 तक बढ़ाई

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 फरवरी। जिले में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के ऑनलाइन आवेदन की अवधि 23 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती खुशबू शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी स्वयं की एसएसओ आईडी से एसजेएमएस एसएमएस एप या ई-मित्र से 23 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। राजस्थान के अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, जैन, सिख, बौद्ध, ईसाई व पारसी) के मूल निवासी इस हेतु पात्र है। योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दो दुकानों पर 6 लाख की चोरी, पुलिस सीसीटीवी के सहारे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बेगूं। बेगूं शहर में चोरी की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर सवालिया निशान लगा दिए। मंगलवार तड़के हुई, तीन बदमाशों ने बाइक से आकर दो दुकानों को निशाना बनाया और करीब 6 लाख रुपए की चोरी की। इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। तड़के सुबह 4 से 4:30 बजे के बीच तीन बदमाशों ने बाइक से आकर पहले कपड़े की दुकान और फिर खाद-बीज की दुकान में चोरी की। बदमाशों ने लोहे के शटर को सरिया लगाकर ऊपर उठाया और अंदर घुसकर चोरी की। पहली दुकान (राजन वस्त्रालय): मुख्य बाजार में स्थित लक्ष्मीनाथ सेठ मंदिर के पास राजन वस्त्रालय से बदमाशों ने 2 लाख रुपए की नकदी चोरी की। दुकान मालिक राजकुमार छीपा को वारदात की जानकारी तब मिली, जब सुबह साढ़े चार बजे एक परिचित ने दुकान का शटर ऊंचा देखकर फोन किया। दूसरी दुकान (गट्यानी खाद-बीज): पुराने बस स्टैंड पर स्थित गट्यानी खाद-बीज की दुकान से बदमाशों ने 4 लाख रुपए की नकदी चोरी की। दुकान मालिक महेश गट्यानी ने बताया कि बदमाशों ने दुकान में रखे सामान और फसलों की दवाओं को भी खंगाला। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज में तीन बदमाश एक ही बाइक पर सवार होकर आते और वारदात को अंजाम देते दिखाई दिए। पुलिस अब इस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रही है। बदमाशों की पहचान और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने इलाके में छापेमारी शुरू कर दी है।

फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में 2678 से अधिक किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर, 18 फरवरी /मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में शुरू हुए फार्मर रजिस्ट्री शिविर अभियान के तहत ग्राम पंचायत कल्याणा कला, टोकर, कुण, कांट, खरबर ए, सल्लाडा में मंगलवार को आयोजित शिविरों में कुल 2678 से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ। भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्री स्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत मंगलवार को जिले की ग्राम पंचायत कल्याणा कला, टोकर, कुण, कांट, खरबर ए, एवं सल्लाडा में किसानों ने इन शिविरों में अपने रजिस्ट्रेशन के लिए उत्साह से भाग लिया ।

जिला कलक्टर ने किया निरीक्षणः सलूंबर जिला कलक्टर अवधेश मीना ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत कल्याणा कला में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शिविर में पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार काउंटर लगाने, प्रत्येक काउंटर पर निर्देशों के अनुसार कार्मिकों की नियुक्ति एवं उपस्थित, उपलब्ध संसाधन की जानकारी ली तथा शिविर प्रभारी को शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक किसान का नियमानुसार रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्रेशन किए जाने की ऑनलाइन प्रक्रिया को भी स्वयं देखा। उन्होंने सभी तकनीकी संसाधनों को अपडेट रखने तथा बैकअप रखने के निर्देश प्रदान किये तथा उन्होंने उपस्थित किसानों से भी संवाद किया और योजना की जानकारी प्रदान की तथा उन्होंने शिविर में पहुंचने वाले सभी कृषकों का ई केवाईसी तथा रजिस्ट्रेशन करने, सभी पात्र को जोड़ने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद तहसीलदार मयूर शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी से जानकारी लेते हुए सभी पात्र को अभियान से जोड़ने और फार्मर रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दबंगों ने पीटा, उठाकर नदी में फेंका, मौत

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाडा। बांसवाड़ा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपलोद गांव में एक दुकानदार



की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों ने दुकानदार को किडनैप कर बुरी तरह पीटा और फिर नदी में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना का विवरण- 50 वर्षीय दुकानदार रकमा, जो पिपलोद गांव का रहने वाला था, का कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिजनों के अनुसार, 14 फरवरी को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। सोमवार देर रात जब रकमा अपनी दुकान में बैठा था, तभी पीपलवा गांव से कुछ लोग आए और उसे जबरन उठा ले गए। इसके बाद, आरोपी उसे पीपलवा गांव ले गए, जहां उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और फिर उसे नदी में फेंक दिया गया। कुछ स्थानीय लोगों ने उसे नदी में पड़े हुए देखा और तुरंत उसे बचाकर बांसवाड़ा के एमजी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस कार्रवाई- घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। डीएसपी गोपीचंद मीणा ने बताया कि मृतक के शरीर, खासकर पीठ पर मारपीट के कई निशान पाए गए हैं। परिजनों ने गबू नामक युवक पर हत्या और किडनैपिंग का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

न्याय की उम्मीद- इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। परिजन और स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी है, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।